तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 26 जनवरी 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 बाल संरक्षण एवं माहवारी स्वच्छता पर किया ...





16 समर्थ लोकतंत्र के लिए मताधिकार का उपयोग...




## खबर संक्षेप

### हुडदंगियों ने गोपनीय सैनिक की पिटाई की

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 24 जनवरी को सायं साढ़े 7 बजे के आसपास अंग्रेजी शराब दुकान पखांजूर के आगे के किराना दुकान के पास बहुत से लोग इकटठे होकर हो हल्ला कर रहे थे। गोपनीय सैनिक आवाज सुनकर रूका और बोला रोड़ में क्यों चिल्ला रहे हो मेला का समय है अपने अपने घर चले जाओ। चिल्लाने वाले मानेश्वर गावड़े एवं मिलेन भुआर्य निवासी जामड़ी थाना औंधी और उसके अन्य साथी सभी मिलकर कहने लगे कि तू कौन होता है, ऐसा कहते हुए गाली देते हुए जान से मार देंगे कहते हुए एक राय होकर हाथ मुक्का से मारपीट किए। मारपीट करने से मेरे दाहिने आंख, सीर, कमर, दाहिने हाथ कोहनी में चोट लगा है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर मारपीट का मामला दर्ज किया है।

### धान उपार्जन केंद्र बांदे के लिए प्रभारी नियुक्त

**कांकेर।** वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा कांकेर जिले के धान उपार्जन केन्द्र बांदे के लिए उत्तम दास को धान खरीदी प्रभारी नियुक्त किया गया है। वे शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी दिवस से अंतिम तिथि तक धान धरीदी व संग्रहण का कार्य करेंगे। धान खरीदी केन्द्र में धान खरीदी से संबंधित किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर उसकी जवाबदारी खरीदी प्रभारी की होगी। धान खरीदी में लापरवाही अथवा गड़बड़ी पाए जाने पर खरीदी प्रभारी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## सम्मेलन : युवाओं के कंधे पर विकसित भारत के निर्माण की है जिम्मेदारी

# युवाओं के वोट से देश की दिशा और भारत के भविष्य का होगा निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- 18 से 25 वर्ष की आयु ऐसी होती है, जो बदलावों का साक्षी बनता है
- भाजयुमोर्चा के नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया, जिसको पीएम मोदी ने वोटरों को संबोधित किया

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कांकेर जिले के तीनों विधानसभा में पाँच नगर कांकेर, नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर और पखांजुर में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि देश के युवा ही देश का भविष्य हैं और मतदान करना आपका अब अधिकार है। अपने मत का इस्तेमाल राष्ट्रीय हित, सामाजिक हित, युवा वर्ग और भी अनेक वर्गों को मद्देनज़र रखते हुए करे।

कांकेर शहर में नए कम्युनिटी हाल में भाजपा युवा मोर्चा शहर मंडल द्वारा आयोजित नव मतदाता सम्मेलन में गुरूवार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा वोटरों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरे जीवन में इतने सारे युवाओं के साथ संवाद करने का यह पहला अवसर है और शायद दुनिया के किसी भी राजनेता के लिए भी यह पहला अवसर है। पीएम ने कहा कि 18 से 25 वर्ष की आयु ऐसी होती है जब किसी का भी जीवन बहुत से बदलावों का साक्षी बनता है, इन्हीं बदलावों के बीच आप सभी को एक और जिम्मेदारी साथ-साथ निभानी है। यह जिम्मेदारी ▶▶| शेष पेज 12 पर









### यह कालचक्र दो वजह से है अहम

पीएम ने कहा कि यह कालचक्र दो वजहों से बहुत अहम है। पहला आप सभी ऐसे समय में वोटर बने हैं, जब भारत का अमृतकाल शुरू हुआ है। दूसरा आज 26 जनवरी को देश अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। अगले 25 साल आपके लिए भी और भारत के लिए भी दोनों के लिए ही महत्वपूर्ण है। पीएम ने कहा कि आज जब देश 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है, तो आपका वोट यह तय करेगा कि भारत की दिशा क्या होगी, जिस तरह 1947 से 25 साल पहले भारत के नौजवानों पर देश को स्वतंत्र कराने का दारोमदार था, उसी तरह 2047 तक यानी 25 सालों में आप पर विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है।

### मेरा युवा भारत संगठन से जुड़ने किया आव्हान

पीएम ने कहा कि देश की राजनैतिक प्रक्रिया मजबूत करने के लिए आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित होनी जरूरी है। इससे सरकार और जनता के बीच का रिश्ता मजबूत होता है। पीएम ने युवाओं से 'मेरा युवा भारत' संगठन से जुड़ने और 'नमो एप' पर लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के 'संकल्प पत्र' के लिए भी सुझाव मांगे। उन्होंने कहा देश के युवा उनकी प्राथमिकता हैं। हमने हमेशा देश के युवाओं पर सबसे अधिक विश्वास किया है। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं को वोट देने की अपनी शक्ति का प्रयोग करना चाहिए और नमो ऐप पर अपनी राय व्यक्त करनी चाहिए।

### प्रदेश में पांच हजार स्थानों पर हुआ सम्मेलन

कांकेर जिला के प्रभारी व भाजयुमो के प्रदेश कार्य समिति सदस्य ज्ञान प्रकाश चंद्राकर ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि पूरे देश भर में 5 हजार स्थानों पर नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रत्येक विधानसभा में दो जगह इस तरह का सम्मेलन आयोजित किया गया है। कांकेर जिले में युवाओं में उत्साह देखने को मिला और युवाओं को नमो एप को अपलोड करवाया गया और सदस्य बनाया गया।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह, कोषाध्यक्ष राजा देवनानी, हलधर साहू, टेकेश्वर जैन, मीरा सलाम, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री अंशु शुक्ला, उत्तम यादव, पार्षद शैलेन्द्र शौरी, शहर अध्यक्ष घनेंद्र सिंह ठाकुर, श्रद्धेश चौहान, पीयूष वलेचा, मोनू यादव, जतिन अटभैया, सुनील ठाकुर, पीयूष बैरागी एवं नवमतदाता उपस्थित रहे।



# छेरछेरा पर युवक और बच्चों ने किया नृत्य और अन्नदान मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ का पारंपरिक अन्नदान का महापर्व छेरछेरा गुरुवार 25 जनवरी को धूमधाम से दुर्गुकोंदल अंचल में मनाया गया। गाँव के युवक घर-घर जाकर डंडा नृत्य करते हैं और अन्न का दान माँगते है। जिले के ग्रामीण ईलाको में आज भी यह परंपरा जीवित है, शहर में इसका प्रभाव बहुत ही कम दिखता है, परंतु गाँव में बहुत ज्यादा प्रभाव है। छेरछेरा त्यौहार छोटे से लेकर बड़े तक सभी एक दूसरे के घर जाकर छेरछेरा मांगने जाते है। यह पर्व नई फसल के खलिहान से घर आ जाने के बाद मनाया जाता है। इस दौरान लोग घर-घर जाकर लोग अन्न का दान माँगते हैं। वहीं गाँव के युवक घर-घर जाकर डंडा नृत्य करते हैं। धान मिंजाई हो जाने के चलते गाँव में घर-घर धान का भंडार होता है, जिसके चलते लोग छेर छेरा माँगने वालों को दान करते हैं। इन्हें हर घर से धान, चावल व नकद राशि मिलती है। इस त्योहार के दस दिन पहले ही डंडा नृत्य करने वाले लोग आसपास के गाँवों में नृत्य करने जाते हैं, वहाँ उन्हें बड़ी मात्रा में धान व नगद रुपए मिल जाते हैं। इस त्योहार के दिन कामकाज पूरी तरह बंद रहता है। इस दिन लोग प्रायः गाँव छोड़कर बाहर नहीं जाते।

छेरछेरा पर आज बच्चों की छोटी टीम, युवक युवतियों की टीम द्वारा द्वार-द्वार पर 'छेरछेरा, कोठी के धान ल हेरहेरा' की गूँज दिनभर रही। गौरतलब है कि इस पर्व में अन्न दान की परंपरा का निर्वहन किया जाता है। रामायण मंडलियां भी पर्व मनाने में पीछे नही रही और पंथी नृत्य करने वाले दल भी छेरछेरा का आनंद लेने ग्राम-ग्राम, घर- घर दस्तक दिए। यह उत्सव कृषि प्रधान संस्कृति में दानशीलता की परंपरा को याद दिलाता है। उत्सवधर्मिता से जुड़ा छत्तीसगढ़ का मानस लोकपर्व के माध्यम से सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए आदिकाल से संकल्पित रहा है।








समस्त क्षेत्रवासियों को

# गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं...



मा. विष्णु देव साय

मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन



मा. श्याम बिहारी जायसवाल

स्वास्थ्य मंत्री, छ.ग. शासन



## आयुष्मान आरोग्य मंदिर

जिले के 238 स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित किया गया है,जिसमे 12 प्रकार की निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदाय की जा रही है - 1. गर्भावस्था एवम प्रसव देखभाल 2. नवजात और शिशु स्वास्थ्य देखभाल 3.बचपन और किशोर स्वास्थय देखभाल 4. परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक, प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल 5.राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमो सहित संचारी रोग प्रबंधन 6.बाह्म रोगी देखभाल 7.गैर संचारी रोगो की जांच, रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रबंधन 8. सामान्य नेत्र और नाक, कान, गला सम्बन्धी देखभाल 9.मुंह के स्वास्थ्य के सामान्य देखभाल 10. बुजुर्ग एवम प्रशामक देखभाल स्वास्थ्य 11.आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाए 12.मानसिक स्वास्थ्य रोगों की जांच एवं प्रबंधन



प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

आयुष्मान भारत

PM-JAY

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना क्या है और किसे मिलेगा इसका लाभ

## आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-

कांकेर जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत कार्ड पंजीयन हेतु कुल लक्ष्य- 739004 था, जिसमें से कुल 671096 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन पूर्ण किये जा चुके है, पंजीयन की दृष्टि से लक्ष्य का 90-80 प्रतिशत प्राप्त कर जिला कांकेर छ.ग. राज्य में प्रथम स्थान पर है| जिले में योजनान्तर्गत कुल 44 अस्पताल पंजीकृत है , जिसमें शासकीय अस्पताल -36 एवं निजी अस्पताल - 08 है | जिनके द्वारा वर्ष 2023 -24 में कुल – 33740 हितग्राही मरीजों को कुल 2550.06 लाख रूपए का नि:शुल्क चिकित्सा लाभ प्रदान किया गया है|

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम

टीबी मुक्त भारत

टीबी हारेगा देश जीतेगा

## राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2023 मे 1. टीबी संदेहास्पद लोगों के जाँच के लक्ष्य -16765 की तुलना मे 24401 (146%) लोगों का जाँच किया गया है । 2. प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अब तक 374 Nikshay मित्र बनाया गया है

**विनीत : मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कांकेर**





# गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

धर्म, संस्कृति की रक्षा करें, शहर की एकता को बनाये रखें  
शहर के विकास और उन्नति के लिए कदम बढ़ाये  
अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यो में करें  
मानव जीवन बहुमूल्य है इसका उपयोग सत्य कर्मो में करें...



मा. विष्णुदेव साय

मुख्यमंत्री छ.ग.




मा. बृजमोहन अग्रवाल

शिक्षा मंत्री छ.ग. शासन



**विनीत : जिला शिक्षा विभाग कांकेर**


मा. मोहन मंडावी
सांसद कांकेर
मा. विक्रम देव उसेंडी
विधायक अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक कांकेर
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई...
एवं शुभकामनाएं...
जय हिन्द
हर एक दिल में हिंदुस्तान है
राष्ट्र के लिए मान-सम्मान
भारत मां के बेटे हैं हम
इस मिट्टी पर
हम सब को अभिमान है।
मा. विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
विनीत- एक शुभचिंतक


समस्त क्षेत्र वासियों को 26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
PRADHAN MANTRI
GRAM SADAK YOJANA
विनीत
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
कांकेर के समस्त ठेकेदार


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्म, संस्कृति की रक्षा करें, शहर की एकता को बनाये रखें
शहर के विकास और उन्नति के लिए कदम बढ़ाये
अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यो में करें
मानव जीवन बहुमूल्य है इसका उपयोग सत्य कर्मो में करें...
उद्देश्य :- जल संचयन के संसाधनों का निर्माण कर जल धारण क्षमता को बढ़ाना, नियमित जल आपूर्ति के लिए भूजल स्तर को बनाए रखना, मृदा संरक्षण करना ।
प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत :- स्टॉप डेम निर्माण, चेक डेम निर्माण, पक्का बोल्डर निर्माण, लूज बोल्डर निर्माण, गेबियन स्ट्रक्चर निर्माण, डबरी निर्माण, भूमिगत डाइक निर्माण, पौधारोपण कार्य ।
डबरी निर्माण कार्य :- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत डबरी निर्माण कार्य किया गया है, डबरी या खेत तालाब बनाने का मुख्य कारण खेतों से बहकर जाने वाले वर्षाजल को जमा करना है। वर्षा ऋतु में समुचित वर्षा नही होने पर फसलों को नुकसान होता है, इस नुकसान से फसल को बचाने के लिए डबरी से सूरक्षात्मक सिंचाई किया जाता है। साथ ही साथ डबरी के निर्माण से कृषक मछली पालन का कार्य कर आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देकर अपनी आय में दोगुनी आमदानी प्राप्त कर रहे हैं।
गेबियन संरचना :- गेबियन संरचना के निर्माण से भूमि कटाव में कमी, भूजल पुर्नभंडारण की गति में वृद्धि एवं बहती मिटटी को रोकने में गेबियन संरचना का निर्माण उपयोगी है। तथा इस संरचना से
विनीत : अध्यक्ष माईक्रो वाटर शेड समिति कोकपुर

## खबर संक्षेप



### लिलेझर में 400 लोगों का किया रक्त समूह प्रीक्षण

चारामा। शाउमावि लिलेझर में स्वास्थ्य विभाग चारामा, कोटतरा, लिलेझर एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के सौजन्य से प्रथम एवं द्वितीय चरण मिलाकर 400 लोगों का रक्त समूह प्ररिक्षण का कार्य किया गया। रक्त समूह प्ररिक्षण का उद्वेश्य जानकारी के साथ-साथ भावी पीढ़ी को सेवा कार्य के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. लखन जुर्री, पूर्व लैब टेक्नीशियन केएल मरकाम, आर मंडावी मलेरिया इंस्पेक्टर, निशा केवलरमानी आर एमए, शिवानी जैन एम एलटी, कामिनी साहू सीएचओ, प्राचार्य हिमालय सिंह गंगराले, व्याख्याता राजेश कोमरा एवं समस्त शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

पेज 09 के शेष ...

### युवाओं के वोट से...

दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी में भागीदारी की है। पीएम ने कहा कि यह युवा ही हैं जो अपनी जन-भागीदारी के माध्यम से न केवल भाजपा के चुनाव घोषणापत्र को आकार देंगे, बल्कि भारत की भविष्य की नीति को भी आकार देंगे। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक घंटे में जो अपने विचार रखे, उससे यह लगता है कि उनको देश की कितनी चिंता है। इस सम्मेलन में बैठे युवाओं से मेरा यही कहना है कि देश के पीएम ने जो विचार रखे है, उस पर जरूर मंथन करे और आपके कंधे में जो जिम्मेदारी है, उसे बेहतर ढंग से निर्वाह करें, जिससे भारत देश विकसित देश की श्रेणी में आ सके। प्रदेश मंत्री महेश जैन, भाजपा के जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने युवाओं को संबोधित किया। मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी ने स्वागत संबोधन किया। पीएम के वर्चअुली संबोधन सुनने के लिए अपैक्स बैंक के पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता महावीर सिंह राठौर एवं पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले उपस्थित रहे।

## कार्यशाला : आनलाइन धोखाधड़ी और बालिका संरक्षण पर दी जानकारी

# बाल संरक्षण एवं माहवारी स्वच्छता पर किया गया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कांकेर

पहाड़ी पर स्थित शाउमा विद्यालय तरान्दुल में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम द्वारा बाल संरक्षण एवं माहवारी स्वच्छता के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज में हो रहे बाल अपराध, साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी को देखते हुए बालक और बालिकाओं के संरक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।



जिला बाल संरक्षण इकाई एवं यूनिसेफ के सहयोग से बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर जानकारी दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी अशोक कौशिक द्वारा स्कूल में बालिकाओं की संख्या एवं उपस्थित पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए नाबालिकों के लिए बनाए गए कानून, लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, गुड टच, बेड टच के बारे में जानकारी देते हुए आज के इस दौर में कोई भी व्यक्ति मोबाइल तथा इंटरनेट के बिना नहीं रह जा सकता, लेकिन इंटरनेट में उपलब्ध अवांछित एप्स तथा अश्लील वेबसाइट से बच्चों को बचाने की आवश्यकता है। उनका किसी दूसरे मोबाइल धारा को शेयर करने से कानूनी अपराध होने की जानकारी बताया गया। विभाग द्वारा बच्चों के संरक्षण के लिए संचालित योजना पीएम केयर योजना दत्तक ग्रहण तथा विभाग द्वारा संचालित किए जाने वाले बालिका गृह दत्तक ग्रहण संस्था के बारे में जानकारी दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड लाइन सेवा 1098 के जिला समन्वयक अमित बघेल द्वारा 1048 के बारे में बताते हुए बच्चों को प्राप्त अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। कम उम्र में किए जाने वाले बाल विवाह के दुष्प्रभाव और इस के लिए बनाए गए कानून तथा बाल श्रमिकों एवं मानव तस्करी कानून के बारे में जानकारी दिया गया। यूनिसेफ के जिला समन्वयक अभिनव सिंह ठाकुर एवं चाइल्ड लाइन से सुपरवाइजर सत्यभामा यादव द्वारा किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता के संबंध में प्रोजेक्टर पर वीडियो के माध्यम से माहवारी के समय होने वाले परेशानियां तथा उनका निदान सावधानी, पोषण आहार, शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी को दूर कैसे करें आदि के बारे में विस्तार के साथ बताया गया। सत्यभामा यादव द्वारा स्कूल में लगे सेनेटरी नैपकिन विंटर मशीन को उपयोग के तरीके को बताया गया तथा मशीन से नैपकिन निकालने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन चाइल्ड लाइन के सुपरवाइजर महेश साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य चंद्रकांत साहू, देवनाथ कोरेटी, प्रदीप कुमार सेन, विष्णु जुर्री, प्रवीण कोर्राम, कुसुमलता गजबिए, राजेन्द्र रावटे, नासीर मोहम्मद, भूपेंद्र नागवंशी, वेदकुमार कोसम, श्याम लाल कृशान, येनेन्द्र कौमार्य, डिकेश कुमार साहू, मोहन लाल नाग, देवलाल मानकर, तुलेश्वर ठाकुर, गंगदेव कांगे, एवन देवांगन, भरत शर्मा, ठाकुर राम कुल्हारे, आधार सिंह दुग्गा, डिकेश नाग असबीर एवं संस्था के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## देवांगन पुराण के लिए समाज ने महिलाओं को बांटी साड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶। चारामा



देवांगन समाज के द्वारा 14 से 21 फरवरी तक सात दिवस तक देवांगन पुराण का आयोजन किया जाएगा। देवांगन पुराण आयोजन के लिए समाज की ओर से समस्त महिलाओं को एक-एक साड़ी का वितरण किया गया एवं महिलाओं को भी देवांगन पुराण में अपनी भागीदारी के लिए महिला प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया। देवांगन पुराण का आयोजन के कार्यक्रम के लिए युवा शक्ति की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष राम देवांगन, सचिव कमल देवांगन, उपाध्यक्ष अशोक देवांगन, कोषाध्यक्ष हुलास देवांगन, गोपाल देवांगन, सहसचिव शेखर देवांगन आदि को चुना गया। कार्यक्रम में देवांगन समाज के शैलेश देवांगन, घनश्याम देवांगन, दयालु राम देवांगन, देवसाय देवांगन, भारत राम देवांगन, खोरबहारा देवांगन, कृष्णा देवांगन, अध्यक्ष संतु देवांगन, सचिव शिव देवांगन, बहुर लाल देवांगन, शैलेश, संत कुमार, राजेश, शंकर लाल, ईश्वर, प्रेमलाल, खेमलाल, बिसौहा राम, अभय राम, जीतू राम, अनिल कुमार, मोहन आदि उपस्थित रहे।

## सड़क व पुल का निर्माण शीघ्र कर रौशनी का इंतजाम करें

**कांकेर।** लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतु निर्माण तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने लिया। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विभागवार निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए स्वीकृत एवं निर्माणाधीन सड़क एवं पुल-पुलियों को समय-सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग के अधूरी सड़कों तथा पुल-पुलियों के निर्माण में तेजी लाने के साथ अंधे मोड़ वाले स्थलों में आवश्यकतानुसार उचित रौशनी लगाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि स्वीकृति प्राप्त सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों जो अब तक प्रांरभ नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्र प्रारंभ कर निर्माण कार्य पूर्ण कराने तथा कांकेर से देवरी मार्ग को गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधिक्षक दिव्यांग पटेल ने सभी विभाग के अधिकारियों को जिले के अंदरूनी एवं संवेदनशील क्षेत्रों में बन रहे सड़क तथा पुल-पुलिया निर्माण के समय आवश्यक सुरक्षा मुहैय्या प्रदाय करने की बात कही। आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आत्मानंद विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्गुकोंदल

भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 25 जनवरी को 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। मतदाताओं को समर्पित राष्ट्रीय मतदाता दिवस की विषय वस्तु पिछले वर्ष की तरह वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम है। भारत के निर्वाचन आयोग की 25 जनवरी 1950 को स्थापना हुई थी। स्थापना दिवस मनाने के लिए 2011 से पूरे देश में हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के बीच चुनावी जागरूकता पैदा करना है और उन्हें चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। देश के मतदाताओं को समर्पित राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उपयोग मतदाताओं विशेषकर नए पात्र युवा मतदाताओं के नामांकन के लिए भी किया जाता है। देश भर में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में नए मतदाताओं को सम्मानित किया जाता है और उनका मतदाता फोटो पहचान पत्र ईपीआईसी सौंपा जाता है। इस अवसर पर संजय वस्त्रकार ब्याख्याता व मास्टर ट्रेनर सुपरवाइजर के द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय एकता के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर बात रखा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में विद्यार्थियों के द्वारा रंगोली बनाकर मतदाताओं को संदेश दिया साथ ही विद्यार्थियों के द्वारा भव्य रैली निकालकर घर-घर में संदेश दो, वोट दो, वोट दो, सबसे पहले कम करो वोट दो, वोट दो एवं 2024 की थीम वोट जैसा कुछ नही, वोट जरुर डालेंगे हम के नारे के साथ नगर भ्रमण कर मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लोकतांत्रिक गणराज्य में मतदाताओं के मत के महत्व को संदेश देने का प्रयास किया।

इस अवसर पर प्राचार्य एसडी दास, प्रमिता शाहा, पंकज निषाद, हरीश नागराज इत्यादि उपस्थित रहे। इसी क्रम में जेएसडब्ल्यू इस्पात एवं प्रोडक्ट लिमिटेड हाहालद्दी दोड़दे माइंस में उपस्थित माइंस टीम एवं कर्मचारियों के बीच तहसीलदार उमाकांत जायसवाल के द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर अपनी बात रखी एवं उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता शपथ कराया। इस अवसर पर जय कश्यप, सुभाष सिंह माइंस मैनेजर, रामनंदन सिंह, अमित पाण्डे, महेश कुमार दास, संदीप कुमार यादव उपस्थित रहे।

### खेल परिसर व छात्रावास में मतदान जागरूक कार्यक्रम



**कांकेर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के अवसर पर खेल परिसर कांकेर एवं अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति के छात्रावास के छात्राओं ने भारत जैसे बड़े लोकतंत्र में मतदान के कम रुझान को देखते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आकृति बनाकर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील किया। विशेष कर नए मतदाता जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, मतदान कर अपना कर्तव्य निभाने की छात्राओं ने अपील की साथ ही शपथ लेकर सभी को मतदान में भाग लेने के लिए संकल्प लिया।




मा. मोहन मंडावी
मा. विक्रम देव उसेण्डी
मा. आशाराम नेताम
समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
मा. विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मा. केदार कश्यप
वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, छ.ग. शासन
अपील
* अवैध शिकार रोकने में करें मदद
* अवैध वन कटाई रोकने में करें मदद
* वन है तो जल है, जल है तो जीवन है।
* सभी लोग मिलकर जंगल को आग से बचाएं
* जंगल में अवैध कब्जा रोकने में करें मदद
विनीत : मुख्य वन संरक्षक, कांकेर वृत्त


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा।
हम बुलबुले है इसकी ये
गुलसिता हमारा-हमारा।।
!! जय हिन्द
जय भारत !!
मा. विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मा. अरूण साव
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
विनीतः लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कांकेर के समस्त ठेकेदार


मा. मोहन मंडावी
मा. विक्रम देव उसेण्डी
मा. आशाराम नेताम
सारे जहां से अच्छा
हिंदुस्तान हमारा।
हम बुलबुले है इसकी ये
गुलसिता हमारा-हमारा।।
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मा. केदार कश्यप
सहकारिता मंत्री, छ.ग. शासन
विनीत- जल संसाधन विभाग के समस्त ठेकेदार कांकेर





# गणतंत्र दिवस

## की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...

सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है,
देखना है जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है।।
वक्त आने दे बता देंगे तुझे ऐ आसमां,
हम अभी से क्या बताएं क्या हमारे दिल में है,
ऐ शहीदे मुल्को मिल्लत, तेरे जज्बों के निसार,
तेरी कुर्बानी का चर्चा गैर की महफिल में है।।



मान. विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री छ.ग.

मान. अरूण साव
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन

विनीतः समस्त ठेकेदार लोक निर्माण विभाग कांकेर / भानुप्रतापपुर

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

### नक्सल उन्मुलन में प्राप्त सफलता

वर्ष 2023 में 03 नक्सली मारे गये, 02 आटोमेटिक हथियार बरामद, 45 नक्सली गिरफ्तार किये गये, कुल-06 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया।

### सामुदायिक पुलिसिंग


सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से कांकेर पुलिस का लगातार आम लोगों से जुड़ने का प्रयास






### विकास कार्यो की सुरक्षा

नक्सल प्रभावित अंदरूनी क्षेत्र में सड़क/पुल/पुलिया एवं रावघाट प्रोजेक्ट के अंतर्गत दल्लीराजहरा-रावघाट रेल्वे लाईन को सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही है।


### आत्मसमर्पण नीति

नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण हेतु जिले के किसी भी थना/चौकी/कैम्प प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं।

- आवासीय भूमि/मकान निर्माण हेतु आर्थिक सहायता।
- शासकीय नौकरी।
- स्वरोजगार प्रशिक्षण।
- बैंक से ऋण अनुदान।
- बस पास।
- स्मार्टकार्ड/आयुष्मान कार्ड।
- राशनकार्ड।
- नगद प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया जा रहा है।

कंट्रोल रूम कांकेर, मोबाईल - 9479194199

### मोर मितान कांकेर पुलिस

कांकेर पुलिस सदेव आपकी सुरक्षा में तत्पर



दिव्यांग पटेल (भा.पु.से.)
पुलिस अधीक्षक कांकेर

विनीत : जिला पुलिस, उत्तर बस्तर कांकेर

# समर्थ लोकतंत्र के लिए मताधिकार का उपयोग अवश्य करने की अपील

## भानुप्रतापपुर में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कांकेर के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (रा) एव निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भानुप्रतापपुर सुश्री आस्था राजपूत के मार्गदर्शन में गुरुवार को भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 80 भानुप्रतापपुर में समस्त मतदान केंद्रों में 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया।

भानुप्रतापपुर के प्राथमिक शाला भवन सलिहापारा प्रांगण में मतदाता दिवस का आयोजन किया गया । इस अवसर पर तहसीलदार और एईआरओ सुरेंद्र उर्वशा ने समस्त युवा मतदाताओं से आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। और कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी अपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और मतदान अवश्य करें।आज भानुप्रतापपुर के नये और युवा मतदाता जो प्रथम बार मतदाता होंगे। इनका बैच लगाकर सम्मान किया और नये मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण भी किया गया। अंत में सभी को मतदान हेतु संकल्प भी दिलाया गया।

भानुप्रतापपुर विधानसभा में कुल 266 मतदान केंद्र है जिसमे से भानुप्रतापपुर में 99, चारामा में 105 और दुर्गुकोंदल तहसील में 62 मतदान केंद्र है। विगत विधानसभा चुनावों में भानुप्रतापपुर विधानसभा में 81 प्रतिशत मतदान हुआ था।



### मतदाता सूची में नाम जोड़ा गया

वर्तमान में पुनरीक्षण के समय जिनका भी नाम मतदाता सूची में जोडा गया है उनका ईपिक कार्ड अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी के बाद सबको प्रदाय किया जावेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है इस आयोजन का मुख्य उददेश्य सभी मतदाताओं को मतदान कें लिए जागरूक करना है जिससे नामावली में दर्शित सभी मतदाता अनिवार्य रूप से अपने अपने मताधिकार का प्रयोग करें । और निर्वाचन में बढ चढ कर हिस्सा ले। आज के कार्यक्रम में तहसीलदार और एईआरओ सुरेंद्र उर्वशा , निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर,सुपरवायजर निरंकार श्रीवास्तव , बीएलओ एकांत चौहान, नितिन तिवारी, आनंद बनकर, प्रकाश दास, अरविंद शर्मा, सर्वेश कुमार के साथ साथ युवा मतदाता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अशोक ठाकुर ने किया ।

## खबर संक्षेप

### रवि बने खो-खो के नेशनल रेफ़री

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर के शिक्षक रवि प्रकाश लोहसिंह खो-खो के नेशनल रेफ़री नियुक्त हुए है। उन्होंने खोखो फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा राँची झारखंड में आयोजित किए गए नेशनल रेफ़री परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। इस परीक्षा में देशभर के निर्धारित योग्यता रखने वाले सैकडो राज्य स्तर रेफरियो ने भाग लिया था। जिसमें से मात्र 23 लोगो ने इस परीक्षा को पास किया है। ज्ञात हो कि रवि लोहसिंह इसके पूर्व छत्तीसगढ़िया ओलंपिक, सीनियर जूनियर खोखो प्रतियोगिता जैसे कई राज्य स्तरीय खोखो स्पर्धाओं में निर्णायक की भूमिका निभाए है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद अब वो राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिताओं में रेफरी की भूमिका निभाते दिखेंगे। रवि लोहसिंह की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ खोखो फ़ेडरेशन के अध्यक्ष कमलजीत अरोरा, महासचिव तरुण शुक्ला, पूर्व कन्विनर फिरोज रहमान, बीईओ संजय ठाकुर, एबीईओ प्रवीण चतुर्वेदी, हर्ष श्रीवास्तव, टीकम सिंहा, राम जायसवाल सहित ज़िला भर के लोगो ने बधाई दी है।



### अधिकारी-कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने जिला कार्यालय परिसर में अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा का पालन करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने एवं धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा व अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में भाग लेकर अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई। इस अवसर पर एसपी दिव्यांग पटेल, एसडीएम कांकेर मनीष साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निधन

### जयलाल बघेल

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत बांगाचार निवासी जयलाल बघेल (60) का निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। अंतिम संस्कार गृह ग्राम बांगाचार में किया गया, जिसमें रिश्तेदार, ग्रामीण उपस्थित रहे। वे परमेश्वर बघेल कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता के चाचा थे।

**कार्यक्रम :** मानव एवं पशु चिकित्सा शिविर में 38 मरीजों एवं 21 पशुओं का इलाज करते हुए निःशुल्क दवाइयां दी

# फोर्स के नागरिक कल्याण कार्यक्रम के खेलकूद में विद्यार्थियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

थॉमस चाको उप महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय (वि.प्र.) स.सी.ब. भिलाई (छत्तीसगढ़) के मार्ग दर्शन एवं अभिषेक आनन्द, कमांडेंट, 33 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, केवटी के निर्देशन में चल रहे नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 जनवरी तक किया गया जिसमें क्रिकेट, वालीबाल एवं बेडमिन्टन प्रतियोगिताएँ शामिल की गई इन प्रतियोगिताओं में स्थानीय गांवों के युवाओं तथा स्कूल के छात्र –छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

ज्ञात हो कि 33 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रावघाट रेलवे परियोजना की सुरक्षा में पिछले 8 वर्षो से क्षेत्र में निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यो का निर्वहन कर रही हैं जिसके परिणाम स्वरूप आज रायपुर से ताड़ोकी के मध्य रेल सेवा सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं।

तीन दिवसीय क्रिकेट एवं वालीबाल प्रतियोगिता में भीरागांव, हरहर पानी, पटेल पारा, केवटी, के टीमों ने भाग लिया जिसमें क्रिकेट प्रतियोगिता में भीरागांव की टीम विजेता व हरहर पानी की टीम उप विजेता रही। वालीबाल प्रतियोगिता में भीरागांव की टीम विजेता व केवटी की टीम उप विजेता रही तथा बेडमिन्टन प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीरागांव के छात्राओं ने भाग लिया तथा इस प्रतियोगिता में कुमारी संगीता आंचले एवं कुमारी दिव्या उइके विजेता एवं कुमारी गुमेश्वरी दररो एवं आरती मरकाम उपविजेता रही । तदोपरांत मुख्य अतिथि श्री थॉमस चाको, उप –महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय (वि.प्र.) स.सी.ब. भिलाई (छत्तीसगढ़) के द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों का मनोबल एवं उत्साहवर्धन के लिए पारितोषिक (ट्राफी, मैडल एवं टी-शर्ट) दिए गए । साथ ही पंचायत के समूह को खेल सामग्री तथा पानी की टंकी का वितरण किया गया । उप –महानिरीक्षक महोदय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि सशस्त्र सीमा बल समय-समय पर अपने कर्तव्यों के साथ-साथ आस-पास के गाँवों में सामाजिक विकास में अपना योगदान देती रहती हैं, साथ ही युवाओ को बताया कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता हैं । अगर युवा पढाई के साथ साथ मन लगाकर खेल पर ध्यान दे, तो जिला स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकते हैं तथा देश का नाम रौशन कर सकते हैं ।



कार्यक्रम में 33 वाहिनी स.सी.ब. केवटी के डाक्टरों द्वारा मानव एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 38 मरीजो का एवं 21 पशुओ का इलाज करते हुए निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई गई ।

उक्त कार्यक्रम के दौरान ग्राम भीरागाँव के सरपंच भुवनेश्वर कुरेटी, ग्राम केवटी के सरपंच कपूर दुग्गा तथा ग्राम पंडरीपानी के सरपंच सुशील कोमरा, अन्य ग्रामीण एवं 33 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी के अधिकारीगण तथा अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान मौजूद थे ।

# वाल्मीकि कालेज के छात्रों ने मतदान करने की ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता शपथग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया! संस्था प्रमुख एवं रासेयो संरक्षक डॉ रश्मि सिंह द्वारा समस्त छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई देते हुए मतदाता शपथग्रहण कराया गया! समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राओं से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ अपने परिवार एवं समाज के अधिकाधिक लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें! इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार नाग, सहायक कार्यक्रम अधिकारी टुपेश कुमार कोसमा, श्रीदाम ढाली, पूरनसिंह गोटी, गिरधारी लाल सिन्हा, प्रवीण ठाकुर, दीपक यादव, देवनाथ दरपट्टी, रविन्द्र कोर्राम, प्रमोद साहू एवं समस्त रासेयो छात्र छात्राएं उपस्थित थे। उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले स्वयंसेवकों को किया सम्मानित स्वीप कार्यक्रम के तहत भानुप्रतापपुर विधानसभा चुनाव 2023 में मतदाता मित्र के रूप में सेवा प्रदान करने वाले तथा ग्राम संपर्क अभियान 2023 में सर्वे कार्य करने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक राजकुमार कुलदीप, अमृत कमेटी, जतिन सिंह ध्रुव, चंद्रशेखर ताम्रकार, मुकेश गावड़े, पूरन कोमरा, अजय उसेण्डी, राहुल नेताम, अश्वन दुग्गा, अंजू पुरामे, चंदना राय, सशिता नेताम, संतो कोमरा, अवनी श्रीवास्तव, तनवीर सेमले, मोनिका साहू, नम्रता यादव, खिलेश्वरी भूसाखरे, रोशनी मंडावी, पिंकी सलाम, भूमिका दर्रो को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भारत के निर्वाचन आयोग की 25 जनवरी 1950 को स्थापना हुई थी। स्थापना दिवस मनाने के लिए 2011 से पूरे देश में हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के बीच चुनावी जागरूकता पैदा करना है और उन्हें चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। इन्ही उद्देश्यों की प्राप्ति होती हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगांव में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर के एल कटेंद्र कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, व्याख्याता पुकेश्वर साहू, व्याख्याता दिलीप कुमार साहू, गौतम कुलदीप, नयन शुक्ला, शेखर कुमार साहू, सागर कुमार जैन, बिरेश कुमार जैन, विशेष कुमार राना,रोशन कुमार, दानेश कुमार साहू, उत्तम कोरेटी, अंकिता साहू, नोमिता शिवना, पुष्पांजलि साहू, झमित जामड़ा, लिसी पटेल, नितिका पटेल, चित्राक्षी भुआर्य, रोशनी पटेल, शीतल साहू, सृष्टि देवांगन, दिशा विश्वकर्मा, ममता कोमरे, आरती पटेल, दीप्ति भूआर्य, लिलेश्वरी गांवर, हर्षिता बघेल, गायत्री साहू, देवकी कौशिक, वर्षिका सिन्हा आदि उपस्थित थे।



# श्रमिकों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता के लिए मिला प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

उत्खनन क्षेत्रों में कार्य करने वाले प्रत्येक श्रमिक के लिए प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होता है। इसी संदर्भ में मिवान स्टील लिमिटेड हाहालद्दी दोडदे में प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण 25 जनवरी गुरुवार को रखा गया। प्रशिक्षण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोंदल से डॉ. चंदन बैरागी, रेडक्रॉस वालिंटियर संजय वस्त्रकार, जीआर ठाकुर, रमेश सलाम के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में डॉ. चंदन बैरागी ने कहा कि उत्खनन इकाइयों में दुर्घटना होने पर तुरंत प्रभाव से घायल श्रमिकों को प्रशिक्षित चिकित्सा सहायकों द्वारा सहायता प्रदान की जा सकती है, तुरंत सहायता मिलने से श्रमिकों की जान बचाई जा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान घायल अवस्था में किस प्रकार से श्रमिकों को सीपीआर दिया जा सकता है और रेडिमेड प्लास्टर किया जा सकता है। सर्पदंश, बिच्छू काटने, जलने, घायल व बिजली के करंट से घायल होने पर तुरंत क्या इलाज दिया जा सकता है, इस प्रकार के कई बिदुओं को लेकर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। विभिन्न स्थितियों से निपटने के लिए आपकी प्राथमिक चिकित्सा किट में मौजूद होनी चाहिए। एंटीसेप्टिक घोल, एंटीसेप्टिक लोशन या क्रीम, चिपकने वाली पट्टी, धुंध ड्रेसिंग, कपास रोल, डिस्पोजेबल दस्ताने, क्रेप पट्टियाँ, कैंची, चिमटीजली हुई क्रीम, दर्द निवारक स्प्रे, जैल और बाम, थर्मामीटर, दर्दनिवारक, एलर्जी रोधी दवाएं, आईड्रॉप्स, एंटासिड, मुँह के छालों के लिए जैल, नाक की सड़न रोकने वाली दवाएँ, पल्स ऑक्सीमीटर आदि।

प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण प्राप्त श्रमिकों द्वारा ही दुर्घटना में घायल कर्मचारियों को बचाने में काफी मदद मिलती है। रेडक्रॉस वालिंटियर संजय वस्त्रकार ने कहा कि दुर्घटनाएँ अपरिहार्य और अनिश्चित है, लेकिन जब ऐसा होता है तो त्वरित प्राथमिक उपचार चोट की डिग्री और संक्रमण के प्रसार को सीमित करने में मदद कर सकता है और तेजी से रिकवरी को बढ़ावा दे सकता है। प्रशिक्षण के दौरान तहसीलदार उमाकान्त जायसवाल, जय कश्यप, सुभाष सिंह माइंस मैनेजर, रामनंदन सिंह, अमित पाण्डे, महेश कुमार दास, संदीप कुमार यादव व माइंस टीम उपस्थित रहकर प्रशिक्षण से लाभान्वित हुए।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

